सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ ............ दिनांक 10 MAY 2024

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगरा में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बृहस्पतिवार को आगरा के फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आगरा के प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



रिणवा ने विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों और वहां पर तैनात सुरक्षा बलों की जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और कैमरों की लाइव पोजीशन की जांच की। इसके अलावा उन्होंने जलेसर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसे सुरक्षित रूम से जनपद एटा में जमा कराया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों से वार्ता की और उन्हें जानकारी दी कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में उनके लिए बैठने की उचित व्यवस्था की गई है, जहां से वे 24 घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी कर सकते हैं। उन्होंने वहां पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, प्रवेश पास जारी करने और आगंतुकों व वाहनों की रजिस्टर में एंट्री करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी सहित जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# सातवां चरण : तीसरे दिन 23 नामांकन पत्र दाखिल

■ तीन दिन में भरे गए 42 पर्चे

■ प्रत्याशी 14 तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन पत्र

लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव के सातवें व अन्तिम चरण की 13 सीटों के लिए बृहस्पतिवार को तीसरे दिन 23 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तीन दिनों में इन सीटों के लिए 42 पर्चे भरे जा चुके हैं। इसके साथ ही सोनभद्र के दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर बृहस्पतिवार को भी कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 14 मई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें व अन्तिम चरण का नामांकन 7 मई को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारम्भ हो गया है। सातवें चरण में प्रदेश की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही सोनभद्र की दुद्धी (अनुसूचित जनजाति) विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी नामांकन पत्र दाखिल किये जा रहे हैं। इन सीटों के लिए तीसरे दिन 23 प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की। इनमें महराजगंज सीट से बसपा के मो. मौसमी आलम व सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के विनोद कुमार पटेल, गोरखपुर से बसपा के जावेद अशरफ व निर्दलीय पिन्टू साहनी, कुशीनगर से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के स्वामी प्रसाद मौर्य व निर्दलीय अतुल निषाद, देवरिया से भाजपा के शशांक मणि, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के त्रिभुनन्दन व निर्दलीय संतोष, घोसी से प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के प्रेमचन्द, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इण्डिया (कम्युनिस्ट पार्टी) के विजय, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया के विनोद व निर्दलीय पवन कुमार चौहान व राजेन्द्र राम तथा सलेमपुर से बसपा के भीम व अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी के श्रीनारायण ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

बलिया से बसपा के लल्लन, राष्ट्रीय समाज दल (आर) के ओम प्रकाश पाण्डेय व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राम निवास गोंड, गाजीपुर से निर्दलीय सत्यदेव यादव तथा चन्दौली से समझदार पार्टी के राम गोविन्द, भागीदारी पार्टी (पी) के शोभनाथ व निर्दलीय लियाकत अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर बृहस्पतिवार को भी कोई पर्चा नहीं भरा गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# चुनाव के मद्देनजर 24.16 लाख लोग पाबन्द

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि लोकसभा चुनाव में शांति भंग की आशंका में 2710950 लोगों को पाबन्द करने का नोटिस देने के साथ ही 2416602 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। सघन जांच के लिए प्रदेश में 464 अंतरराज्यीय तथा 1728 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये व 4704 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 8996 अवैध शस्त्र, 9084 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 514 बम बरामद कर सीज किये गये।

उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नारकोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अब तक 39302.24 लाख रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, नगदी आदि जब्त की गयीं। अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 14852256 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1280 तथा लाउडस्पीकर एक्ट उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ ........ दिनांक 10 MAY 2024

इलेक्शन कमिशन से

# यूपी में अब तक ₹393 करोड़ की शराब, ड्रग्स और नकदी ज़ब्त

AI Image



■ **लखनऊ :** यूपी में शराब, ड्रग्स और नकदी का चुनावी दुरुपयोग रोकने के लिए लगातार कार्रवाई जारी हैं। अब तक 393 करोड़ रुपये से अधिक की शराब, ड्रग्स, नकदी आदि पकड़ी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक 34.56 करोड़ रुपये कैश, 50.31 करोड़ रुपये की शराब, 230.44 करोड़ रुपये की ड्रग्स और 28 करोड़ से अधिक के गिफ्ट जब्त किए गए हैं। (ब्यूरो)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## रिणवा ने आगरा में ईवीएम की सुरक्षा परखी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरूवार को आगरा के फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में स्थापित ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आगरा (सु.) के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## छठे चरण की तस्वीर साफ, चुनाव मैदान में 162 प्रत्याशी

राब्यू, जागरण • लखनऊ : उत्तर प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। गुरुवार को नाम वापसी के दिन दो प्रत्याशियों के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद अब कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के लिए 25 मई को मतदान होगा। वहीं, बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नाम वापसी के दिन प्रतापगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी हर्षित सिंह और श्रावस्ती से निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद शफीक खां ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली।

# INDIA Bloc to meet EC over turnout figures




PIONEER NEWS SERVICE
NEW DELHI

Leaders of the Opposition INDIA Bloc are likely to meet the Election Commission on Friday over their demand to promptly release the absolute voter turnout figures in the ongoing Lok Sabha polls after each phase. The Opposition leaders will also raise the issue of alleged "use of religious symbols" by the BJP in its campaign, sources added.

INDIA Bloc parties, including the Congress, Trinamool Congress and the Communist Party of India (Marxist), have written to the poll panel separately so far, expressing concern over the alleged "delay" in the release of the voter turnout data in the first two phases.

Various Opposition parties have also approached the poll panel over speeches made by Prime Minister Narendra Modi and other BJP leaders during poll campaigns, alleging that the Model Code of Conduct had been violated.

Amid the Opposition's allegations, the poll watchdog had asserted that booth-wise data of the "actual number of votes polled" is available to the candidates soon after the voting ends. Opposition parties have also sought the details of the number of voters who exercised their franchise.

In a statement issued last week, the EC also said it attaches "due importance" to the timely release of voter turnout figures after each phase of the poll, and said not just constituency, but booth-wise data of the actual number of votes polled is available with the candidates, which is a statutory requirement.

Congress president Mallikarjun Kharge had written to leaders of various Opposition parties on the issue of alleged "discrepancies" in the voting data released by the EC. In his letter, Kharge urged that the INDIA Bloc leaders to "collectively, unitedly and unequivocally" raise their voice on the issue.

The EC officially shared the turnout figure for the first two phases of Lok Sabha polls on April 30.

Continued on Page 8

# INDIA Bloc to meet EC over turnout figures

From Page 1

According to EC figures, a voter turnout of 66.14 per cent was recorded in phase one and 66.71 per cent in phase two of the ongoing Lok Sabha polls.

For the third phase of voting that took place on Tuesday, the EC's voter turnout app on Wednesday showed that 65.55 per cent voting had occurred.

A Press release on Monday by the EC also contained the total number of electors in every seat, along with the voting percentage figures.

Based on the complaints made by Opposition parties as well as the BJP, the poll panel had earlier issued notices to BJP president JP Nadda and Congress president Kharge over alleged violations of the Model Code of Conduct by leaders from their parties.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ... दिनांक ...10 MAY 2024...

# Despite low turnout, more votes cast than in 2019

The searing hot summer, apathy among party workers, and politicians' inability to enthuse voters, these are the chief factors being cited for thinning crowds at polling booths during these LS polls. While updated turnout numbers from EC are awaited for the first two phases, an **SBI analysis** says that in absolute terms, the number of those who have voted this year is higher than in 2019. And, what's more, it adds there are signs the polling percentage may even go up in the coming phases.

## About 9 Lakh More Than 2019

From Election Commission to netas themselves, there's serious concern over a marked dip in voting numbers this year. Research by SBI, which analyses the first two phases (April 19, 26), however, notes that whereas the turnout in these was almost 3.1 percentage points lower than last time, in actual numbers, there were 8.7 lakh additional votes cast over 2019. That's a 0.4% rise in the number of those who have voted so far. The first two phases covered about 35% of the total voters in the country.






**Change In No. Of Votes**


**8.7 lakh ▲**

*Women have led the increase in absolute number of votes, accounting for more than 65% (5.7 lakh) of the 8.7 lakh additional ballots cast so far. Another feature has been the increase in voting in SC/ST constituencies with about 70% of the extra votes being cast in 42 of these that have voted till now*

## Karnataka, Assam On Top


About 12.9 lakh extra votes were cast in half of Karnataka's 28 seats that voted in the second phase on April 26 (the remaining voted in the third phase on May 7, which is not part of the SBI analysis). That puts it top of the pack that has led the rise in absolute votes cast so far

**Absolute increase/decrease in number of voters in 2024 vis-à-vis 2019 (phases 1 and 2)**




Map shows constituencies that have voted in first 2 phases of 2024 LS polls. Some states have completed voting for all their LS seats while others will finish voting in the coming phases

**Increase in absolute votes over 2019 (top 10 seats)**




*In 85 seats, the number of absolute votes cast over 2019 increased by more than 1 lakh though it dropped by a similar margin in 74 seats. In 25 constituencies, there was status quo, which means about 60% of the seats analysed showed either an increase in votes cast or maintained their 2019 record*

## An Optimistic Forecast

The completion of the third phase of voting on May 7 means the halfway mark has been crossed in LS polls 2024. The report notes that in 2019, turnout figures had shown a declining trend over the seven phases, starting at 69.4% and ending at 61.7% with an overall 67.7% turnout. Researchers said that this year, "a reverse phenomenon could be underway, with voting percentage poised for a marked improvement" in the subsequent phases.

Source: ECI, SBI

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० हिन्दुस्तान लखनऊ.... दिनांक : 10 MAY 2024

# पिछले चुनाव के मुकाबले अब तक तीन फीसदी कम हुआ मतदान

■ अभिषेक झा


नई दिल्ली। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अब तक तीन चरण पूरे हो चुके हैं। इन तीन चरणों में मतदान के आंकड़ों को देखें तो 2019 के मुकाबले इसमें तीन फीसदी की कमी आई है।

चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि अधिकांश संसदीय सीटों पर वर्ष 2019 के मुकाबले कम मतदान हुआ है। बता दें कि आयोग ने 7 मई को उन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए पंजीकृत मतदाताओं की संख्या प्रकाशित की, जो पहले ही मतदान कर चुके हैं। जबकि तीसरे चरण के लिए मतदाताओं की संख्या मतदान के दिन प्रकाशित की गई थी। पहले और दूसरे चरण के लिए मतदाताओं की संख्या काफी देरी से प्रकाशित की गई।

## अब तक 283 सीटों के लिए मतदान संपन्न हुआ

अब तक 283 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुके हैं। 280 सीटें, जिस पर आंकड़ों की तुलना संभव है। इस बार 65.75 फीसदी मतदान हुआ है, जो 2019 से 3 फीसदी कम है। 2019 में इन सीटों पर 68.84% मतदान हुआ था। 266 निर्वाचन क्षेत्रों में से 213 (असम की सभी 14 सीटें छोड़कर) सीटों पर मतदान कम हुआ है। इन 213 संसदीय क्षेत्रों में से 174 में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। 78 में पांच प्रतिशत से अधिक और सात सीटों पर 10 प्रतिशत से अधिक कम मतदान हुआ है। गुजरात के सूरत में कोई मतदान नहीं हुआ क्योंकि यहां भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। जम्मू और कश्मीर में दो संसदीय क्षेत्रों में मतदान के आंकड़े की तुलना 2019 से नहीं की जा सकती क्योंकि परिसीमन के कारण निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में बदलाव हुआ है। असम में भी परिसीमन हुआ है।

### 2019 के मुकाबले मत प्रतिशत में बदलाव




स्रोत: चुनाव आयोग की ओर से जारी डाटा, टीसीपीडी-आईईडी 2019


## एक तिहाई सीटों पर वोटिंग में गिरावट

2019 के मुकाबले 266 सीटों में से 97 में मतदान में कमी दर्ज की गई है। इन 97 में से 67 में 2% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। 33 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पूर्ण मतदान में 5% से अधिक और पांच में 10% से अधिक की कमी आई है। पूर्ण मतदान में सबसे ज्यादा कमी वाले पांच लोकसभा क्षेत्र हैं: नागालैंड (24.4%), मथुरा (13.5%) केरल में पथानामथिट्टा (11.7%), उत्तर प्रदेश में बागपत (11.1%) और मध्य प्रदेश में सीधी (10.7%)।

## मतदाताओं की संख्या बढ़ी

280 सीटों पर 49.4 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 32.48 करोड़ मतदाताओं ने वोट किया है। इन सीटों पर मतदाताओं की संख्या 2019 के मुकाबले 2.4% अधिक है। 2019 में 31.71 करोड़ मतदाताओं ने वोट दिया था।

### 2024 में अब तक 280 सीटों पर हुए मतदान का पैटर्न




## वोटिंग प्रतिशत में कमी वाली अधिकांश सीटें भाजपा के पास

जिन 78 सीटों पर वोटिंग में 5 फीसदी से अधिक की कमी आई है, उनमें से 2019 में 49 सीटें भाजपा ने, 4 भाजपा सहयोगियों ने, 13 कांग्रेस ने, 4 कांग्रेस सहयोगियों ने और 8 अन्य ने जीतीं। इसका यह अर्थ नहीं कि बीजेपी व सहयोगी दलों को नुकसान हो रहा है। 2019 में बीजेपी व सहयोगियों को 266 सीटों में से 176 (66%) और कांग्रेस व सहयोगियों को 28% पर जीत मिली थी।

Hindustan Times

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# दो प्रत्याशियों ने छोड़ा मैदान शेष को मिले चुनाव निशान

■ छठे चरण की 14 सीटों पर बचे 162 उम्मीदवार

लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को लेकर छठवें चरण के 164 प्रत्याशियों में बृहस्पतिवार को दो ने अपना नाम वापस ले लिया। अब छठे चरण की 14 सीटों को कुल 162 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इन सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिये गये।

लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में 14 सीटों पर सात मई को जांच के बाद 164 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष बचे थे। इनमें से दो प्रत्याशियों ने बृहस्पतिवार को अपने नाम वापस ले लिये। इसमें प्रतापगढ़ से निर्दलीय प्रत्याशी हर्षित सिंह व श्रावस्ती से निर्दलीय प्रत्याशी मो. शफीक खां शामिल हैं। नाम वापसी के पाद अब इन सीटों पर 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष बचे हैं। इसमें सुलतानपुर में 09, प्रतापगढ़ में 26, फूलपुर में 15, इलाहाबाद में 14, अम्बेडकरनगर में 08, श्रावस्ती में 12, डुमरियागंज में 06, बस्ती में 09, संत कबीर नगर में 11, लालगंज में 07, आजमगढ़ में 09, जौनपुर में 14, मछलीशहर में 12 व भदोही में 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष बचे हैं। नाम वापसी के बाद इन प्रत्याशियों को चुनाव निशान भी आवंटित कर दिये गये हैं। छठवें चरण का मतदान 25 मई को होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण लखनऊ........ दिनांक ........10 MAY 2024

## सातवां चरण : अब तक 42 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राब्यू, जागरण • लखनऊ : उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए अब तक 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इस कड़ी में गुरुवार को 19 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। गाजीपुर में एक, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर व सलेमपुर में दो-दो, देवरिया, बलिया व चंदौली में तीन-तीन और घोसी में पांच उम्मीदवारों ने नामांकन भरा। सातवें चरण के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई है। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 17 मई नाम वापसी की अंतिम तिथि है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 1 0 MAY 2024

## बगैर लाइसेंस के 50 असलहे जब्त

लखनऊ। पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 22,923 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 50 शस्त्र, 49 कारतूस व छह बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 36 केन्द्रों पर रेड डाली गई और एक केन्द्र को सीज किया गया। 16 मार्च से अब तक 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## निजी व सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री हटाई

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के तहत अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,48,52,256 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 91,30,890 तथा निजी स्थानों से 57,21,366 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 10,18,331, पोस्टर के 41,73,275 मामलों में कार्रवाई की गई।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# छठे चरण की नामांकन प्रक्रिया पूरी

लखनऊ। छठे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। नामवापसी के बाद पूर्वांचल की पांच लोकसभा सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। इस चरण में सबसे अधिक प्रत्याशी जौनपुर और सबसे कम लालगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। छठे चरण के मतदान के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी।

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# 400 मतदान केंद्रों तक ऑटो की सुविधा

लखनऊ। लखनऊ के 400 मतदान केन्द्रों पर पहुंचने के लिए सशुल्क ऑटो की सुविधा होगी। इस संबंध में जिला प्रशासन ने ऑटो-टेम्पो यूनियन से सहयोग मांगा है। एक समय एक मतदान केन्द्र पर तीन से चार ऑटो उपलब्ध रहेंगे।

संबंधित क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट स्थान तय करेंगे कि ऑटो कहां से उपलब्ध होंगे। दरअसल, मतदान के दिन सवारी वाहन मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में डीएम सूर्य पाल गंगवार इस संबंध में आदेश जारी करने जा रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों को बताया जाएगा कि ऑटो और ई रिक्शा से वोट देने आने वाले मतदाताओं को रोकें नहीं।

मतदान के दिन निजी वाहनो से वोट देने जाने वालों को छूट दी जाएगी। एक निश्चित सीमा तक कोई भी निजी वाहन से मतदान केन्द्र जा सकेगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ...... दिनांक ...10 MAY 2024...

# मतदान के लिए ढाई हजार वाहन

## लखनऊ व मोहनलालगंज लोकसभा सीट

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। मतदान की तैयारियों को लेकर परिवहन विभाग जुटा हुआ है। दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान कराने के लिए कुल ढाई हजार वाहनों की जरूरत होगी। वाहनों के अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नोटिस भेजा चुका है। मतदान के लिए अधिग्रहण किये गये वाहनों को 17 मई को जमा करना होगा। वाहन न देने पर वाहन मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।

**वाहन मालिकों को 17 को देना होगा वाहन, न देने पर दर्ज होगी प्राथमिकी**

**पुलिस लाइन में छोटे वाहन, बसें स्मृति उपवन में जमा होगी**

**वाहन स्वामियों को ईंधन मिलेगा, इस बार भुगतान 20 फीसद ज्यादा**

यह जानकारी एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में 20 मई को लखनऊ व मोहनलालगंज में मतदान होना है। मतदान को सम्पन्न कराने के लिए इस बार ढाई हजार वाहनों की जरूरत है। इसके लिए वाहन स्वामियों को वाहनों के अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नोटिस भेजा चुका है। एक हजार छोटे वाहन पुलिस व सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए होगी, जबकि डेढ़ हजार वाहन (बसें) पोलिंग पार्टियों के लिए लगाया जाएगा। वाहन स्वामियों को 17 मई को छोटे वाहन पुलिस लाइन में तो बसों को स्मृति उपवन (आशियाना) में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि पर वाहन न जमा करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। वाहन स्वामियों को ईंधन दिया जाएगा और चुनाव सम्पन्न होने के बाद आरटीओ कार्यालय में वाहन मालिकों के लॉग बुक जमा करने के बाद उनका भुगतान किया जाएगा। वाहनों के किराये में 20 फीसदी भुगतान में वृद्धि की गयी है। लखनऊ के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 456 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जबकि मोहनलालगंज के चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों की संख्या 1088 है। ऐसे में मतदान कराने के लिए ढाई हजार वाहनों की जरूरत है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# आज रमाबाई स्थल पर होगी ईवीएम-वीवीपेट की कमीशनिंग

लखनऊ (एसएनबी)। राजधानी में 20 मई को पांचवे चरण में होने वाले मतदान के लिये आयोग व प्रशासन चुनाव ने तैयारियों को अन्तिम रूप देने की कवायत शुरू कर दी है। जिला अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वितीय रेण्डमाईजेशन होने के बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थल के लिये आवांटित ईवीएम व वीवीपेट की कमीशनिंग का कार्य आज आशियाना स्थिति रमाबाई रैली स्थल पर 10 बजे से शुरू होगा। यह कार्य परिसर के घोषित कक्षों में किया जायेगा। जिसके लिये प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

8 मई को होने वाले ईवीएम व वीवीपेट के कमीशनिंग के कार्य को लेकर 7 मई को सुबह 10 बजे सभी राजनैतिक दलों की मौजूदगी में प्रशासन के द्वारा मोहनलालगंज तहसील में स्थिति ईवीएम व वीवीपेट को वेयरहाउस से विशेष सुरक्षा व सशस्त्र सुरक्षाबलों की निगरानी में 10 जीपीएसयुक्त वाहनों से द्वितीय रेण्डमाईजेशन के बाद ईवीएम व वीवीपेट कमीशनिंग के लिये सभी राजनैतिक दलों की मौजूदगी में विशेष सुरक्षा के बीच रमाबाई रैली स्थल में बने स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में शिफ्ट किया गया। जहां पर सुरक्षा व सीसीटीवी की निगरानी व लाइव मानिटरिंग हो रही है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम: नवभारत टाइम्स लखनऊ    दिनांक: 10 MAY 2024

VIP सीट | नामांकन शुरू होने के बाद तीन दिन में चुनाव लड़ने के लिए 89 लोगों ने ट्रेजरी फॉर्म हासिल किया

# वाराणसी में PM के खिलाफ चुनाव लड़ने की होड़

एनबीटी, वाराणसी

देश की सबसे वीआईपी लोकसभा सीट वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने की होड़ मची हुई है। नामांकन के तीसरे दिन गुरुवार को नामांकन फॉर्म लेने और ट्रेजरी चालान जमा करने के लिए सुबह से ही लंबी लाइन लगी रही। उनमें दक्षिणी राज्य तमिलनाडु और तेलंगाना से आए लोग भी शामिल रहे। इस दौरान, केवल बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को ही फॉर्म मिल सका। निर्धारित तीन बजे का समय खत्म होने पर पर्चा खरीदने आए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।

**फॉर्म न मिलने पर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन भी**

लोगों ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार के इशारे पर तानाशाही और लोकतंत्र की हत्या हो रही है। डीएम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ लड़ने से रोक जा रहा है। जो काम केवल आधे घंटे का है उसके लिए पूरा दिन लगाने के बाद भी फॉर्म नहीं दिया जा रहा है। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शन करने वालों को समझा बुझाकर हटाया। 7 मई से नामांकन शुरू होने के बाद तीन दिन में ही वाराणसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए 89 लोगों ने ट्रेजरी फॉर्म हासिल कर लिया है। अगर सभी ने नामांकन दाखिल कर दिया तो इस चुनाव में एक रेकॉर्ड हो जाएगा। चार प्रत्याशी अब तक नामांकन दाखिल भी कर चुके हैं।



नॉमिनेशन फॉर्म लेने और चालान जमा करने के लिए गुरुवार को लंबी लाइन लगी थी।

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## चौथे चरण में 2031 बसों से जाएगी फोर्स

लखनऊ। चौथे चरण के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 2031 बसें होमगार्ड, पुलिस के अलावा सुरक्षा बल लेकर रवाना होंगी। इनसे सेंट्रल पैरामिलेट्री फोर्स भी मतदान स्थल तक भेजे जाएंगे। सबसे अधिक बसें गोरखपुर क्षेत्र की ओर से 253, कानपुर क्षेत्र की ओर से 119 ,वाराणसी क्षेत्र की ओर से 204 ,लखनऊ क्षेत्र से 165 और गाजियाबाद से 173 बसें मिलकर कुल 20 क्षेत्र से बसें उपलब्ध कराई गई हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण लखनऊ........ दिनांक ........10 MAY 2024

## ईवीएम का रेंडमाइजेशन

लखनऊ : 20 मई को होने वाले मतदान में कौन सी ईवीएम कहां किस बूथ पर आवंटित होगी इसके लिए पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन किया गया। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के लिए रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के साथ चुनाव पर्यवेक्षक ओम प्रकाश कसेरा और एन वसंत कुमार तथा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। (जासं)

## मतदाता जागरूकता रैली निकली

**लखनऊ ।** गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुबह 7:30 से किया गया। महासमिति के पदाधिकारियों ने गोमती नगर के सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वो स्वयं के परिवार एवम आस पास के लोगों का शत प्रतिशत मतदान 20 मई को करवाएं। सभी ने मतदान करने की शपथ ली। महासमिति के अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह, महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल, कार्यकारी महासचिव कर्नल ए एन पांडे, सचिव सी जी नायर, आर डी मौर्या एवं के के मौर्या, अशोक गुप्ता, सेवा प्रमुख नफीस अहमद, वारिस अली, आशीष कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, जी एस यादव, राजेश श्रीवास्तव, आर सी मेहरोत्रा, कमल कुमार, अमित मिश्रा अध्यक्ष श्री राधा कृष्ण जन कल्याण समिति, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, समिति से बी डी मिश्रा अध्यक्ष, आर पी मिश्रा सचिव, शिव विलास दुबे समेत अन्य समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## बीएलओ घर-घर जाकर मतदान की करेंगे अपील

**लखनऊ।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर्मचारी व बीएलओ, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन घर-घर जाकर मतदान में वोट अवश्य करने की अपील करेंगे। निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। आयुक्त सभागार कार्यालय में बैठक में पर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शुभी सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## कन्नौज सांसद को चुनाव में आतंकी गतिविधि की आशंका

कन्नौज। चौथे चरण के लिए 13 मई को कन्नौज में होने वाले मतदान के दौरान भाजपा सांसद ने आतंकी गतिविधि की आशंका जताई है। सपा की ओर से चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे लोगों पर चुनाव के दौरान अशांति, अराजकता फैलाने की आशंका जताते हुए उन्होंने डीएम को चिट्ठी लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। यह चिट्ठी सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक की ओर से डीएम को लिखी चिट्ठी में कहा गया है कि उनकी जानकारी में आया है कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए कन्नौज में सपा की ओर से बड़ी संख्या में लोग बुलाए गए हैं। संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## मतदाताओं को धूप से बचाने को जिला प्रशासन ने किये इंतजाम

**लखनऊ।** राजधानी में 20 मई को पाँचवे चरण में मतदान होना है। जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील दिखायी दे रहा है। जिला प्रशासन ने तपती धूप व मतदान केंद्र में मतदान करने आने वाले मतदाताओं को लेकर खास इंतज़ामात किए है। मतदान केंद्र में एक स्थान से ऑटो-टेम्पो व ई-रिक्शा मिल जाएँगे। इस संबंध में ज़िला प्रशासन ने ऑटो-टेम्पो यूनियन से बात की है। ऑटो संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि लोस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर ऑटो संयुक्त मोर्चा पूरी तरह से संवेदनशील है। सभी मतदान केंद्रों पर 4 से 5 ऑटो खड़ा करने का है । क़रीब अभी तक 3500 ऑटो का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह संख्या बढ़ भी सकती है। मतदान के दिन ऑटो चालकों को भी मतदान के दिन उपस्थित होने के लिए मंथन किया गया है। इनका स्थान संबंधित क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट तय करेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ........ दिनांक 10 MAY 2024

## एलईडी होर्डिंग व मीडिया के जरिए मतदाताओं को किया जाये जागरूक



लखनऊ। राजधानी में 20 मई को पांचवे चरण में होने वाले मतदान को लेकर मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने संबंधित अधिकारियों संग बैठक ली है। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से । मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप के तहत व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जाये। उन्होंने कहा कि एलईडी,होल्डिंग और मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार हो व मतदाताओं को जागरूक किया जाए, जिससे वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके। गोमती नदी में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी व बेलो घर घर जाकर 20 मई को होने वाले मतदान में वोट अवश्य करने की अपील करे। साथ ही मंण्डलायुक्त ने जिले सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये। कि वोटर स्लिप का वितरण ससमय शतप्रतिशत हो।

Friday, May 10, 2024

## मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया

लखनऊ। उप्र भारत स्काउट और गाइड की ओर से लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए गुरुवार को गोलागंज स्थित सैन्टीनियल इण्टर कालेज में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूलों की ओर से मेहंदी, पोस्टर, रंगोली और हस्तकला चैपाल के जरिये लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ ........ दिनांक 1 0 MAY 2024

# आज का मतदाता भारत का भविष्य तय करेगा: शाही




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एकेटीयू इकाई की ओर से गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

- एकेटीयू इकाई की ओर से मतदाता अभियान चला
- नारी शिक्षा निकेतन ने एक वार्ड को गोद लिया

लखनऊ, संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एकेटीयू इकाई की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नव मतदाता संवाद का आयोजन हुआ। कैस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एबीवीपी क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही रहे।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं की बहुत ही महती भूमिका होती है। उन्होंने कहा देश में जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं वे उत्साह से भरे हुए हैं। साथ ही अन्य मतदाता भी मतदान के दिन मतदान करने अवश्य जाएं। इसकी चिंता एक जागरूक राष्ट्रवादी छात्र संगठन होने के नाते एबीवीपी करता है। एकेटीयू एमबीए विभाग के प्रो. रवि शर्मा ने कहा कि हमें वोट देते समय यह ध्यान रखना है कि भविष्य की नीतियां अच्छी और रोजगारपरक हों। ऐसी सरकार का चयन करना हमारी जिम्मेदारी है। एकेटीयू उप कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान ही सरकार को सशक्त बनाने का कार्य करती है। वही सशक्त सरकार सशक्त व सामर्थ्यवान राष्ट्र का निर्माण करती है। कार्यक्रम का संचालन फार्माविजन प्रान्त सह संयोजक भाव्या ओझा ने किया। इकाई अध्यक्ष हर्षिता विश्वकर्मा, इकाई मन्त्री अर्पित वर्मा, डॉ. गजेन्द्र गुप्ता, डॉ. विनय चतुर्वेदी, डॉ. रवीश प्रताप सिंह, अमन सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अविरल सिंह, नितीश गुप्ता, तुषार कनौजिया, विशाल सिंह सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

**नारी ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड गोद लिया :** नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज ने लखनऊ मध्य विधान सभा के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड को गोद लिया। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि स्वीप नोडल अफसर, सदस्यों, एनएसएस समन्वयकों, एनसीसी एएनओ के साथ मीटिंग में फैसला लिया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# छात्राओं ने उठाया वोट दिलाने का बीड़ा

## नवयुग कॉलेज



नवयुग कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

लखनऊ, संवाददाता। राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय ने राजेंद्र नगर वार्ड को गोद लिया है। जहां के पांच हजार मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक करने का बीडा भी कॉलेज ने उठाया है।

प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आवाह्न पर नवयुग ने राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लिया है। इसके मद्देनजर राष्ट्रीय स्वयं सेविकाओं की ओर से लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. श्वेता उपाध्याय और डॉ. प्रतिमा घोष की अगुवाई में स्वयं सेविकाएं राजेंद्र नगर वार्ड और ऐशबाग वार्ड के धोबी घाट बस्ती में गईं।

छात्राओं ने बस्तीवासियों को पोस्टर देकर मतदान के महत्व को बताया। साथ ही छात्राओं ने पर्चीं निकलने की विधि और बूथ लोकेशन इन के बारे में भी जानकारी दी।

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# मतदान ही समाधान...

लोकतंत्र में चुनाव सिर्फ प्रत्याशियों की परीक्षा ही नहीं होती, यह मतदाताओं के लिए भी इम्तिहान की घड़ी है जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार चुनते हैं। इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो, इसके लिए विभिन्न मंचों से जागरुकता के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पं. दीनदयाल कालेज से निकली जागरूकता रैली

जासं • लखनऊ : पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला पीजी कालेज, राजाजीपुरम में प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मोहन भोग चौराहा राजाजीपुरम के आसपास के क्षेत्र में नागरिकों को पैम्फलेट वितरण कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला पीजी कालेज ने गुरुवार को राजाजीपुरम इलाके में मतदाता जागरूकता रैली निकाली • सौजन्य से कालेज

## राजेंद्र नगर वार्ड में चलाया जागरूकता अभियान

जासं • लखनऊ : छूटे न कोई घर, मतदान करें सब मिलकर। लोकतंत्र तब बने महान, जब हो पूर्ण मतदान। कुछ इसी तरह के नारों के साथ गुरुवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयं सेवा सेविकाओं ने राजेंद्र नगर व ऐशबाग वार्ड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। धोबी घाट बस्ती में जाकर सेविकाओं ने पोस्टर देकर मतदान के महत्व बताते हुए बस्ती के लोगों को जागरूक किया। उन्होंने पर्ची निकलने की विधि तथा बूथ लोकेशन .इन के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रोग्राम अफसर डा. नेहा अग्रवाल, डा. श्वेता उपाध्याय, डा. प्रतिमा घोष के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है।



नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयं सेवा सेविकाओं ने गुरुवार को राजेंद्र नगर व ऐशबाग वार्ड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया • सौजन्य से कालेज

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गोमा में होगा दीपदान

माई सिटी रिपोर्टर

**स्वीप कार्यक्रम के तहत होंगे कई आयोजन, मंडलायुक्त ने दिए निर्देश**

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बृहस्पतिवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वीप के तहत व्यापक स्तर पर कार्यक्रम किए जाएं।

एलईडी, होर्डिंग और मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार करते हुए मतदाताओं को जागरूक करें, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सके। मंडलायुक्त ने गोमती नदी में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही संबंधित कर्मचारियों कहा कि घर-घर जाकर लोगों को 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वोटर स्लिप का वितरण समय से कराएं।

तहसीलों में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए। इसके अलावा आरडब्ल्यूए कॉलोनियों में प्राथमिकता के आधार पर मतदान वाले दिन संबंधित की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन में जो बीएलओ अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी जाए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

**विश्लेषण** | **कुल मतदाताओं में मुस्लिमों की हिस्सेदारी 23.2 फीसदी होने के बावजूद पिछले 9 में से 8 चुनाव में भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की, बड़े चेहरों पर हमेशा लगाया दांव**

# लखनऊ में मुस्लिम मतदाता प्रभावित नहीं करते लोकसभा चुनाव

**विनोद पांडेय**

**लखनऊ।** लखनऊ में मुस्लिम मतदाता बहुसंख्यक होने के बावजूद चुनाव परिणाम प्रभावित करने की स्थिति में नहीं दिखते। ऐसा पिछले 9 चुनावों के नतीजे बताते हैं। लखनऊ के कुल मतदाताओं में मुस्लिमों की हिस्सेदारी 23.2 फीसदी होने के बावजूद पिछले 9 में से 8 चुनाव में भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की। वैसे भी लखनऊ के मतदाता हमेशा पद और कद के हिसाब से मतदान करते रहे। ऐसे में कभी सपा दूसरे नंबर पर रही तो कभी कांग्रेस।

लखनऊ के चुनावी नतीजे एक तरह से जातीय समीकरणों पर आधारित आकलनों को नकारते भी हैं। पिछले चुनाव परिणाम और जातीय समीकरण के आंकड़ों पर गौर करें तो लखनऊ में स्थितियां दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों से जुदा हैं। लखनऊ में मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या होने के बावजूद किसी दल या प्रत्याशी को जिताने की स्थिति में नहीं हैं। यदि ऐसा होता तो चुनाव परिणाम प्रभावित होते। यह भी सही है कि लखनऊ में मुस्लिम मतदाता कभी एक दल के साथ नहीं रहे। पिछले 9 चुनाव में कांग्रेस पांच बार और सपा चार बार दूसरे नंबर पर रही। नौ चुनावों में 2004 में कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं था। 1989 में कांग्रेस के दाऊजी गुप्ता 29.36 फीसदी तथा 1991 में रणजीत सिंह 22.02 फीसदी वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।


**08** चुनावों में भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से दर्ज की जीत

**08** चुनावों में कांग्रेस तो चार में सपा दूसरे नंबर पर रही

- **राजनीतिक दलों के चुनावी गठजोड़ का भी असर नहीं**
- **मुस्लिम वोटर सपा से ज्यादा कांग्रेस को प्राथमिकता देते रहे**

## बड़े नामों को मिले वोट

1996 में सपा से राज बब्बर मैदान में थे। उन्हें 36.55 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस के ओम पाठक को सिर्फ 2.52 फीसदी वोट मिले। इससे ज्यादा तो बसपा के वेद प्रकाश ग्रोवर ने 5.69 फीसदी वोट हासिल कर लिया था। 2009 और 2014 में कांग्रेस से प्रो. रीता बहुगुणा जोशी चुनाव मैदान में थीं तो उन्हें 27 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इन दोनों चुनावों में सपा चौथे नंबर पर पहुंच गई और बसपा तीसरे नंबर पर रही।




- जातीय समीकरणों पर आधारित आकलनों को नकारते रहे राजधानी के मतदाता
- लखनऊ में मुस्लिम मतदाता कभी किसी एक राजनीतिक दल के साथ नहीं रहे

लखनऊ की राजनीति को करीब से जानने वाले लोगों का कहना है कि मुस्लिम मतदाता हमेशा बड़े चेहरे को देखते रहे। चाहे वह कांग्रेस से आए, सपा या बसपा से आए। इसीलिए संख्या में सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद भाजपा उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीतते रहे। चाहे वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी हों या फिर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। इन चुनावों में प्रत्याशियों को मिले मत के हिसाब से देखें तो कुछ कांग्रेस के साथ तो कुछ सपा के साथ चले जाते थे। बसपा से प्रभावशाली चेहरा आया तो उसके पक्ष में भी मतदान से गुरेज नहीं था।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# चौथा चरण: 13 सीट, 130 उम्मीदवार, 13 को मतदान

## अखिलेश, टेनी, कठेरिया समेत कई दिग्गज ठोक रहे ताल

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण की वोटिंग 13 मई को होगी। इस फेज में 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सीईओ नवदीप रिणवा की माने तो निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान खातिर किसी स्तर पर लापरवाही नही होने पायेगी। इस चरण में यूपी की 13 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। इस फेज में अकबरपुर, बहराइच, इटावा, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, शाहजहांपुर और कानपुर में वोटिंग होगी। इन सीटों पर 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। चलिए आपको बताते हैं कि किन सीटों पर किसके बीच मुकाबला है। इस चरण में अखिलेश यादव, अजय मिश्रा टेनी, रामशंकर कठेरिया समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा। चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की अकबरपुर लोकसभा सीट पर वोटिंग होगी। यहाँ बीजेपी के मौजूदा सांसद देवेंद्र सिंह भोले उम्मीदवार है। उनके पास जीत की हैट्रिक बनाने का मौका है। समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद राजराम पाल और बहुजन समाज पार्टी ने राजेश द्विवेदी को उम्मीदवार बनाया है ।बहराइच लोकसभा सीट से बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बदलकर अरविंद गौड़ को मैदान में उतारा है ।इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने रमेश गौतम और बहुजन समाज पार्टी ने बृजेश कुमार सोनकर को उम्मीदवार बनाया है ।इटावा लोकसभा सीट पर बीजेपी ने सांसद राम शंकर कठेरिया को मौदान में उतारा है। बीजेपी के पास जीत की हैट्रिक बनाने का मौका है ।समाजवादी पार्टी ने जितेंद्र दोहरे, बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व सांसद सारिका सिंह पर दांव लगाया है ।सीतापुर लोकसभा सीट से बीजेपी ने मौजूदा सांसद राजेश वर्मा को ही मैदान में उतारा है ।राजेश वर्मा 10 साल से सांसद हैं लेकिन एक बार फिर पार्टी ने उनपर भरोसा जताया है। पिछले चुनाव में उन्होंने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की थी ।इंडिया गठबंधन की तरफसे कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उम्मीदवार बनाया है तो बीएसपी ने बीजेपी छोड़कर आए बिसवां क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्र यादव को मैदान में उतारा है ।खीरी लोकसभा सीट से बीजेपी ने मौजूदा सांसद अजय मिश्र टेनी को उम्मीदवार बनाया है। टेनी भी लगातार 10 साल से सांसद हैं। समाजवादी पार्टी ने उत्कर्ष वर्मा पर दांव लगाया है तो बहुजन समाज पार्टी ने पंजाबी समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाया है ।धौरहरा सीट से बीजेपी ने मौजूदा सांसद रेखा वर्मा पर भरोसा जताया है। रेखा वर्मा 10 साल से सांसद हैं। समाजवादी पार्टी ने आनंद भदौरिया को उतारा है। बीएसपी ने श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। हरदोई लोकसभा सीट पर 10 साल से बीजेपी का कब्जा है ।इस बार पार्टी ने फिर से मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत को मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद उषा वर्मा को उम्मीदवार बनाया है ।बहुजन समाज पार्टी ने भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है ।मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है ।इस सीट पर बीजेपी का 2014 से कब्जा है ।बीजेपी ने सांसद डॉक्टर अशोक रावत को फिर मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफसे समाजवादी पार्टी ने संगीता राजवंशी को टिकट दिया है। बीएसपी ने डॉक्टर बीआर अहिरवार को मैदान में उतारा है ।उन्नाव लोकसभा सीट से बीजेपी ने मौजूदा सासंद साक्षी महाराज को मैदान में उतारा है। साक्षी महाराज के पास जीत की हैट्रिक बनाने का मौका है ।पिछले चुनाव में साक्षी महाराज ने 3 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी ।इस सीट पर समाजवादी पार्टी की ओर से अन्नू टंडन को मैदान में है। बीएसपी ने अशोक पांडेय पर दांव लगाया है। फर्रुखाबाद सीट पर 2014 से बीजेपी का कब्जा है। दो बार से मुकेश राजपूत सांसद हैं. एक बार फिर पार्टी ने मुकेश राजपूत पर दांव लगाया है। इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को उम्मीदवार बनाया है। बीएसपी के क्रांति पांडे मैदान में है ।कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव खुद मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी के अकील अहमद पट्टा उम्मीदवार है। बीजेपी ने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक को ही फिर से मैदान में उतारा है ।शाहजहांपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी ।समाजवादी पार्टी की ज्योत्सना गोंड मैदान में है। बीएसपी ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद का टिकट काट दिया है। पार्टी ने रमेश अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है जबकि इंडिया गठबंधन की तरफसे कांग्रेस ने आलोक मिश्रा को मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने कुलदीप भदौरिया पर दांव लगाया है। फोर्थ फेज में भी लड़ाई तगड़ी है। मतदाताओं की चुप्पी भी उम्मीदवारों को परेशान किये हैं।

समाचार पत्र का नाम ........ दै० आज लखनऊ ........ दिनांक ........ 10 MAY 2024

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष के ऊपर मतदाताओं के घर-घर डलवाए गए वोट

शाहाबाद। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष पूर्ण कर चुके और दिवयांग मतदाताओं के वोट उनके घर पर ही डलवाए जायेंगे इसके लिए पोलिंग टीम ने आज कस्बे में घरों पर जाकर वोट डलवाए। दिव्यांग और अधिक बुजुर्ग हो चुके मतदाताओं को मताधिकार से वंचित न रहना पड़े इसके लिए निर्वाचन आयोग ने बीएलओ को सर्वे कर ऐसे मतदाताओं को सूची देने के आदेश दिए थे। पात्र मतदाताओं के वोट डलवाने के लिए 6 मई से आठ मई तक हर विधान सभा में तीन पोलिंग पार्टियों को वोट डलवाने के निर्देश दिए गए इसी क्रम में बुधवार को कस्बे में घर घर वोट डलवाने पहुंची पोलिंग पार्टी ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के वोट बैलेट पेपर के माध्यम से डलवाए। पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी ने बताया विधान सभा से निर्वाचन आयोग ने इस तरह की व्यवस्था को लागू किया था।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

## BJP neta booked for son using EVM

Police booked a BJP functionary on Thursday after a viral video posted on his social media account showed his minor son pressing the EVM button as he watched over him in a booth in Bhopal during the third phase of polling on Tuesday. X users called it a "mockery of democracy". The 14-second clip shows the boy pressing the button after which the camera pans towards the VVPAT machine that shows a BJP ticket. An FIR was filed against the accused, Vinay Meher while head constable Santosh Kumar, who was on duty at the booth, has been taken off active duty. Presiding officer of the booth, Sandeep Saini, has been suspended along with four others—C R Batham, Manoj Kumar Maurya and Madan Gopal Patel. State Congress questioned how a child was permitted inside the polling booth with his father and why Meher was allowed to take a mobile phone inside. TNN

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# Why we must vote, students tell people

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** A voting awareness campaign was organised by Isabella Thoburn (IT) College on Thursday under the guidance of principal Prof Panzy Singh.

The students went door to door asking residents to exercise their voting rights on May 20. A group of 20 students with seven teachers went to Bishop Rocky street in Nirala



Nagar. "Such awareness drives will help ensure that everyone gets to know the significance of their vote," said a teacher Umang Tandon.

"Door to door campaign helps to ensure that everyone understands the importance of voting and their participation can make a difference in shaping their communities," Afreen Khan, a student.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# Admn to coax RWAs to help boost voter turnout

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**LUCKNOW :** Officials of the district administration will motivate residential welfare associations (RWAs) to boost voter turnout and ensure 100% voting on May 20.

Booth-level officers (BLOs) with outstanding performance during the elections will be honoured with special citations, recognising their hard work and dedication, said divisional commissioner Roshan Jacob on Thursday.

An important meeting was organised in the commissioner's auditorium with the aim of making voters aware under the SVEEP programme of the Election Commission of India.

During the meeting, it was decided that designated staff of the district administration will visit houses across the area, encouraging residents to exercise their franchise. This door-to-door initiative aims to make the voting process more accessible and emphasise its importance. The divisional commissioner directed the booth level officers (BLOs), to ensure that all voters in their areas receive voting slips.

Jacob said that programmes should be conducted on a large scale. She said that voters should be made aware through wide publicity through LED boards, hoardings and media, so that the voting percentage can increase.

She instructed all sub-district magistrates of the district to ensure that distribution of voter slips is done on time.

Additional commissioner administration, Ranvijay Yadav, Lucknow Development Authority (vice chairman) Indramani Tripathi, municipal commissioner Inderjeet Singh, chief development officer Ajay Jain, additional district magistrate, administration, Shubhi Singh, and officials of related departments were present at the meeting.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

10 MAY 2024

समाचार पत्र का नाम ...दै० पॉयनियर लखनऊ............ दिनांक ..................

**RANDOMISATION**

District Election Officer and District Magistrate of Lucknow Surya Pal Gangwar, oversaw the second randomisation of EVMs and VVPATs for the upcoming Lok Sabha elections and assembly bypoll scheduled for May 20. This process was conducted assembly-wise in the presence of key officials, observers, candidates, and political party agents. The randomisation included booth allotment for the EVMs, determining which machines will be delivered to specific booths. The process ensures transparency and fairness in the deployment of EVMs and VVPATs across electoral booths.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 10 MAY 2024

# No nomination filed on 3rd day

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

No nomination was filed by any candidate on the third day of nomination for 77-Varanasi parliamentary constituency under Lok Sabha General Election, 2024 here on Thursday. So far, only four candidates have filed their nomination papers. Apart from this, one nomination form was taken by Athar Jamal Lari of Bahujan Samaj Party (BSP) whereas people have also received 12 treasury challans.

Earlier, Expenditure Observer of Varanasi Parliamentary Constituency Ajit Dan held a meeting in the New Circuit House auditorium on Wednesday and took information from the officials concerned about the arrangements related to the elections and gave necessary guidelines. The candidates contesting Lok Sabha elections, their agents and office- bearers of political parties can meet the observer at New Circuit House from 9 am to 10 am for information related to election expenditure etc and he can be contacted on his mobile No 9236051760.